Publication : Samridhi News	Edition : Lucknow
Date : December 04, 2019	Page: 8

बैंक ऑफ बड़ौदा ने लोन के लिए बड़ौदा टैबइट लॉन्च किया

नई दिल्ली। एजेंसी

भारत के दूसरे सबसे बड़े सरकारी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने ''बड़ौदा टैबइट'' को लॉन्च किया। इससे टेबलेट के जरिए रिटेल लायबिलिटी और रिटेल एस्सेट प्रोडक्ट्स को डिजिटल तरीके से उपलब्ध कराया जा सकेगा। बैंक ऑफ बड़ौदा लगातार नयी-नयी डिजिटल पेशकशों को उपलब्ध कराने हेतु प्रयास करता रहा है और ''करेंट एकाउंट ओपनिंग'' और ''प्री-एप्रूव्ड पर्सनल लोन'' डिजिटल परिवर्तन के इस सफर का हिस्सा है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने ग्राहकों के लिए चालू खाता खोलने की प्रक्रिया डिजिटल कर दिया है, जिससे टेबलेट्स के जरिए तुरंत खाता खोला जा सकेगा। इसका उद्देश्य बेहतरीन बैंकिंग अनुभव प्रदान करना और परंपरागत चैनलों के बजाये नये चैनल्स के जरिए ग्राहकों को जोड़ना है। यह सुविधा सोल प्रोप्रायटरशिप एवं व्यक्तिगत चालू खाताधारकों के लिए उपलब्ध है। आगे इस सुविधा को पार्टनरशिप एवं लिमिटेड कंपनियों के लिए उपलब्ध कराया जायेगा, जो कि इंडस्ट्री की अनूठी पेशकश है। लॉन्च पर, श्री मुरली रामास्वामी, कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफबड़ौदा ने कहा, बैंक ऑफ बड़ौदा डिजिटल नवाचार की शक्ति में दृढ़ता से विश्वास करता है और ग्राहकों को उन्नत डिजिटल अनुभव प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है। उत्पादों का उद्देश्य न केवल ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षा को पूरा करना है बल्कि प्रक्रियाओं में आसानी प्रदान करना है। डिजिटलीकरण की प्रक्रिया में, बैंक ने ऑन-बोर्डिंग ग्राहकों की प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया है। यह पहल वित्त मंत्रालय, सरकार के निर्देशों का भी पालन करेगी।